# ए
# ह
# सा
# स

--- ‘*आदिल* ’

(आदिल आफताब खान की चुनिन्दा ग़ज़लें, क़त्आत एवं नज़्में)

# विषय सूची

1. दो शब्द

2. गीत

3. ग़ज़ल

4. नज़्म

5. क़त्आ

## दो शब्द

उर्दू साहित्य के सुप्रसिद्ध दार्शिनिक कवि अल्लामा इकबाल की निम्नलिखित सारगर्भित दो पंक्तियां एक कवि के मनःस्थिति का वास्तविक उद्‌गार है।

कोई  महरम नहीं मिलता जहां में।
मुझे कहना है कुछ अपनी ज़बां में।।

बिरला ही कोई सहृदय एवं विवेकशील मनुष्य होगा जिसके मस्तिष्क एवं हृदय में कोई विचार एवं भाव न आते होंगे चाहे वह किसी भी रस के हों– करूणा, वीर, श्रृंगार, वात्सल्य, भक्ति........। पर निश्चय ही वह अपने सभी भावों एवं विचारों को सदैव प्रकट नहीं कर सकता। अदृश्य बेणियों से जकड़ा मनुष्य अपने भावों एवं विचारों को अपने ही मन में पीकर कभी दुखी होता है कभी सुखी हो जाता है। क्या आपने नहीं देखा एक व्यक्ति कभी अनायास ही दुखी दिखता है तथा कभी अकेले होने पर भी मुस्कुराता रहता है। आप पूछते हैं, क्या भाई इतने उदास क्यों हो? क्या बात है मन ही मन मुस्कुरा रहे हो? आप पीछे से हौले से उसके कंधे पर हाथ रख देते हैं और आप कहते हैं दुखी मत हो सब ठीक हो जायेगा। मैं हूं ना। या अरे कुछ मुझे भी बता दे, तुझे लूट थोड़े ही लूंगा। और सकुचाया हुआ वह कहता है कोई बात नहीं, सब तो ठीक है। यूं ही बैठा था। पर वास्तव में वह अपनी वेदना तथा अपनी प्रसन्नता पूर्णरूप से प्रकट नहीं कर पाता। संसार अविश्वसनीय है। इस पर वह भरोसा नहीं कर सकता। क्या जाने आज की उसके मन की वाणी आप सुन लें और कल आप उसका उपहास करें। क्या जाने आप उसके मित्र हैं अथवा शत्रु। उसे क्या मालूम आप उसका कब तक साथ निभायेंगे। वह तो भावों भरा एक व्यक्ति है अच्छा भी सोंच सकता है बुरा भी। उसकी सोच बच्चों जैसी भी हो सकती है वृद्धों जैसी भी। वह शांति का दूत भी हो सकता है और उसकी सोच क्रांतिकारी भी हो सकती है। उसकी समाज से, घर से, अपनों से, ग़ैरों से, मित्रों से किसी से भी शिकायत हो सकती है तथा अनचाहे ही वह किसी पर मर मिट भी सकता है पर वह अपने सभी भावों को किसी से भी साझा नहीं कर सकता। जितने गंभीर कवि के भाव होते हैं उतनी ही सरस उसकी कविता होती है। वह उसके व्यक्तित्व का प्रतिबिम्ब होती है जो जीवित रहता है सदा–सदा, इस नश्वर संसार से उसके प्रस्थान कर लेने के पश्चात भी, पुस्तकों से अधिक अदृश्य ‘‘महरमों’’ के मन में। कवि के मन में सम्भवतः यही सब था जब असहाय महसूस करते हुये उपरोक्त दो पंक्तियों का जन्म हुआ हो पर निश्चय ही उन पंक्तियों में सभी कवियों के मन को वाणी मिल

गयी।

कविता एक ऐसा संवाद है जो कवि के हृदय से प्रकट होता है। वह बिना किसी व्यक्ति को संबोधित किये हुये ही संवाद कर लेता है। कविता करते समय अपने भावों को खुलकर व्यक्त कर लेता है और स्वयं कविता ही कवि का वह ''महरम'' होता है जिससे वह निःसंकोच तथा बेझिझक होकर अपने भावों को साझा कर सकता है और ऐसा करने के लिये उसे किसी अन्य ''महरम'' की आवश्यकता नहीं होती है। इस पुस्तक में अंकित कुछ पंक्तियां भी ऐसी ही हैं जो कवि के भिन्न-भिन्न भावों को भिन्न-भिन्न रसों में प्रकट करती हैं। संभवतः उसे भी ***कोई महरम नहीं मिला था जहां में, पर उसे कहना था कुछ अपनी ज़बां में,*** सो काव्य में कह दिया।

रचयिता वर्तमान समय में उच्चतर न्यायिक सेवा, उत्तर प्रदेश का सदस्य होकर जिला जज के पद पर आसीन है तथा शासकीय सेवक है। रचयिता द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि पुस्तक में व्यक्त कुछ भी किसी भी राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी भी शासकीय इकाई अथवा विभाग की किसी नीति, नियम की आलोचना नहीं है।

*आदिल आफताब खान*

# ਗੀ
# ਤ

# (गीत)

## कौन सी सुनाऊँ ?

सभी अच्छी हैं
छोड़ूं किसे, सुनाऊँ किसे

सभी सच्ची हैं
दबाऊँ किसे बताऊँ किसे

तजरबे पर मबनी हैं
न कि कोई किस्से

गहरे गहरे ये ज़ख़्म
अपनो ने दिये हैं

वे तो मरहम लेकर दौड़े
रंजिश थी मेरी जिससे

कैसे बताता भला तुमको
बहुत दूर थे तुम मुझसे

मेरी रूह तक कांपी थी
उनके तल्ख़ अल्फाज़ों से

आंसू ही मेरे साथी थे
जब जब हम तड़पे थे

कलेजा मुंह को आता था
जब हम हंसते थे

दुश्मन नहीं थे वे
उनसे अपने रिश्ते थे

जिन्दगी एक बोझ थी
कैसे कैसे जीते थे

खाना मुंह में जाता था
पानी भी हम पीते थे

पर अपनी ही लाश को
खुद लेकर हम ढोते थे

कैसे मर जाते भला
छोटे छोटे बच्चे थे

मौत ने बेवफ़ाई करके
वफ़ा किया था हमसे

मौत से दोस्ती कर ली थी
अब संग संग हम जीते थे

* * *

# ग़

# ज़

# ल

# गज़ल

होश में आता हूं मैं मयकदे से लौटने के बाद ।
मयकदे के हर प्याले में जाम न समझा जाये ।।

मैं ख़ामोश हूं अपनी अज़मत व शराफ़त के तईं ।
मेरी ख़ामोशी को एतेराफ़े इल्ज़ाम न समझा जाये ।।

हज़ारों हमनाम हैं मेरे नाम के जहां में 'आदिल' ।
मेरे हर नाम को मेरा नाम न समझा जाये ।।

बक रहा हूं जोनू में जाने क्या क्या मैं दोस्तो ।
मेरी हर आवाज़ को मेरा पैग़ाम न समझा जाये ।।

मैनें मांगी थी माफ़ी अपने गुनाहों की उनसे ।
न माफ़ किया उन्होने तो उन्हे बदनाम न किया जाये ।।

वह शराब है सरापा, आखें उसकी मय के प्याले ।
मैं नशे में हूं, हर नशे को हराम न समझा जाये ।।

* * *

# गज़ल

ख़त्म होने को आया अब वक़्त पीरी भी ।
आज़ा आज़ा ख़ुदा को रूजु हो रहे हैं ।।

नमाज़ में मेरी शामिल होना है शायद ।
हां फ़रिश्ते अब बावज़ु हो रहे हैं ।।

ता ज़िन्दगी इन्साफ़ किया 'आदिल' बनकर ।
अब आफ़ताब बनकर तोलू हो रहे हैं ।।

कहां ढूढ़ते हो अब चेराग़ ले कर उन्हें ।
'आदिल' तो मज़ार में अपनी सो रहे हैं ।।

जिन्दगी भर जिन्होनें रूलाया उन्हे बहुत ।
किस बेकसी से अब खुद वह रो रहे हैं ।।

* * *

# <u>गज़ल</u>

पहले आते थे हरदम एक दूजे कि शिकायत लेकर
बड़े हो गये बच्चे, अब पापा के पास नहीं आते

भूख देखी नहीं, यूंही कर दिया बदनाम
गन्दुम हव्वा न देती तो दादा आदम क्या खाते

शेख साहब तो नाहक पिट गये कल उसके भाईयों से
हुस्ना अगर न पटती तो क्या मम्मी पापा बहु न लाते

कल मयकदे में इन्तेज़ार हुआ तो देर तक मेरा
जुमे का दिन था हम नमाज़ से पहले कैसे आते

नहीं थी कोई ख़्वाहिशें इबादत, कि मस्जिद पकड़ते
जो चले गये तुम रूठ कर तो हम भला कहां जाते ?

* * *

# गज़ल

ज़रूरी है रब से रोज़ी की दुआयें लेकिन
उठो पहले कुछ काम तो किया जाये

इज़्ज़त व वक़ार का फिर से लहराये परचम
चलो मोमिनो फिर से ऐसा काम किया जाये

मुमकिन है सब कुछ बस एक जज़्बा चाहिये
जज़्बे के लिये सिर्फ अपनी तारीख़ पढ़ा जाये

क्यों कर सुनेंगे वो आपका वाज़, ऐ ज़ाहिद
पहले सबको अपना दोस्त तो बनाया जाये

फैल गई है ऊपर अपने एक मैली चादर
ऊपर से अपने इस चादर को हटाया जाये

किरदार व अख़लाक़, ख़िदमत व मुहब्बत
नई जंग में अब इनको हथियार बनाया जाये ।

* * *

## गज़ल

मामला अहम था और एक फ़ैसला ज़रूरी
इसलिये कोई फ़ैसला न लेने का फ़ैसला किया

आज़ाद परिन्दा था मैं, परवाज़ का शौक़ीन
आपने अपने इश्क़ में क्यों मुवतला किया

मुश्किल से बनाये थे अपने घर उन्होने
बस्तियां उनकी जलाकर आपको क्या मिला

न मिला विरासत में तख़्ते ताउस तो क्या हुआ
परिन्दो को देख कर मैनें उड़ने का हौसला किया

इन्सान हूं जफ़ाकशी है फितरत मेरी
जुसतुजुए गुहर में समन्दर को चाक किया

मेरी कोई ख़ता नहीं, आखों से पिलाई थी उसने
मुफ्त में जब मिली तो हां हमने भी ख़ूब पिया

याद आई पीरी में जब गुनाहे माज़ी उन्हें
करके तौबा 'आदिल' ने हरम का रूख़ किया

* * *

# गज़ल

मालूम है दुनिया को आज से पहले आप क्या थे
आप, आप  बने जब आप ने नाम हमारा लिया

कसर न छोड़ी थी अपनो ने मौत की नींद सुलाने में
ज़िन्दा हो गया मैं, जब  मैनें गैरों का सहारा लिया

धकेल  दिया  वापस समन्दर की गहराईयों में
जब जब भी मौज़ों ने साहिल को पुकारा किया

कट गया सफ़र होठों का तबस्सुम देख कर
न मैनें तुम्हारा, न कुछ तुमने हमारा लिया

आओ  न  हम भी चल चलें कोहे तूर तलक
मूसा ने वहां जाने से किसको कब मना किया

पैर  लड़खड़ाये  थे  बाक़ी के रह गये कुछ सफर में
बाद रूख़्सत तुम्हारे 'आदिल' ने जो ख़ुल के पी लिया

*  *  *

# ग़ज़ल

बहुत हुये बदनाम कि अब एक काम किया जाये
मिलकर साक़ी से शराब को नया नाम दिया जाये

मन्दिर, मस्जिद, गिरजा, गुरूद्वारे सब नाकाम
आओ मयकदे में मुहब्बत का जाम पिया जाये

होश में न कर सके तो अब मदहोश हो कर
चलो एक दूसरे का एहतराम किया जाये

उगाई फसल नफ़रतों की होश वालो ने
सोचो उन्हे कौन सा इनाम दिया जाये

मयकदा ही एक बेतफ़रक़ा जगह है शायद
पीने के बाद एक ख़ुदा का पैग़ाग पढ़ा जाये

बता ख़ुदा क्यों किया शराब को हराम
रहकर बेनशा कैसे तेरा नाम लिया जाये

कितनी पुरखोलुस जगह है मयकदा 'आदिल'
आओ यही इबादत का ऐहतेमाम किया जाये

* * *

# गज़ल

मक़्सूद था गर तख़्लीके दुनिया
तो आदम पर यह इल्ज़ाम क्यों

पैदा हुआ जो, चखेगा लज़्ज़ते मौत
तो फिर ज़िन्दगी का ईनाम क्यों

जारी है गर सिलसिला नस्लो का
तो फिर यह आख़िरी पैग़ाम क्यों

तेरी ही तखलीक़ है हम ख़ुदाया
तो फिर हमसे यह इम्तेहान क्यों

फ़ना लाज़िम है जहां का गर एक दिन
तो फिर ज़मीन क्यों ये आसमान क्यों

* * *

## गज़ल

नामुमकिन को भी हम मुमकिन बना देते हैं
बस ज़रा सा उनके जज़्बात को भी सुना करते हैं

एक ही ख़ालिक की तख़लीक़ हैं सब जहां में
सब का एहतराम कर हम सना करते हैं

सबसे टकराने से भला क्या हासिल
हम खुद ज़रा बचकर चला करते हैं

अपने दिल की नुमाईश भी है बहुत ज़रूरी
इसलिये 'आदिल' सबसे खुलकर मिला करते हैं

नग़में आते है पीपल के पत्तों से भी यारों
इसलिये हम रूककर सबको सुना करते हैं

* * *

# गज़ल

चांद सारी रात सफर करता रहा
मैं भी कभी चलता कभी ठहरता रहा

चांद को तो मिलना ही था दामने मशरिक़
मैं तेरी आग़ोश के लिये मचलता रहा

माना कि यह सिर्फ हसद है मेरी पर
उसका मिलना तुमसे मुझे अखरता रहा

मैं भी था शरीक तुम्हारी महफिल में
मैं दर्द की हद से गुज़रता रहा

उड़ गया वह तिलिस्म एक परिन्दा पाकर
मैं जिसके लिये सारी उम्र भटकता रहा

हो जायगें शायद मायल कभी रोशनी की तरफ़
किसी चेराग़ की तरह मैं ताज़िन्दगी जलता रहा

* * *

## ग़ज़ल

तख़य्युल में जब वह मेरे पास है
यह ही तो इश्क़ का एहसास है

बाद बेवफाई भी अगर उसकी आस है
यह दर्द ही तो इश्क़ का एहसास है

चाहत उसकी मानिन्द अगर प्यास है
यह तड़प ही तो इश्क़ का एहसास है

हज़ारो शय में अगर सिर्फ वही ख़ास है
यह तमन्ना ही तो इश्क़ का एहसास है

रानाईयों में भी अगर दिल उदास है
मिठासे दर्द ही तो इश्क़ का एहसास है

हर दर्द में अगर सिर्फ वही आस पास है
यह तसर्ब्वुर ही तो इश्क़ का एहसास है

मानिन्द कस्तूरी अगर उसकी तलाश है
ऐसी दीवानगी ही तो इश्क़ का एहसास है

* * *

# ग़ज़ल

अल्फ़ाज़ मेरे एहसास की पगडन्डियां हैं
इसलिये अशआर मेरे ख़ूबसूरत नहीं

रेज़ा रेज़ा होकर बिखर गयें हैं चोट से
मिस्रों को मेरे इस्लाह की ज़रूरत नहीं

बोल देंगे ये ज़रा चाहत तो दिखाईये
गज़लें मेरी कोई पत्थर की मूरत नहीं

सच बोलती हैं नज़्में मेरी इस ज़माने में
बेख़ौफ़ है, इन पर किसी की हुकूमत नहीं

मोजस्समाँ हैं ग़ज़लें मेरी सचनुमाई की वजह से
किसी संग तराश के हुनर की बदौलत नहीं

* * *

## गज़ल

वह तो क़ातिल था, क़त्ल करके उसने
कल एक सुहागन को बेवा बनाया

एक और सुहागन बन गई बेवा उस वक़्त
मुन्सिफ ने कातिल को जब सज़ा मौत सुनाया

बच्चे भूखे थे, बीवी बीमार, मां बूढ़ी
उस चोर ने कल जब नक़ब लगाया

मैं 'आदिल' था, सज़ा दी थी उसे मैनें
जाने क्यों फैसले ने मुझे बहुत रूलाया

ज़ालिम, मासूम, मुन्सिफ, इन्साफ, क्या है
क्या सोचा था या रब तूने जब दुनिया बनाया

*   *   *

## गज़ल

सब  को सलाम, सबका एहतराम, दुआऐं सबको
हमने तो बड़ी ही मुअद्दबाना ज़िन्दगी गुज़ारी थी

पर खिलाफ़ खड़े थे मेरे सभी शाहिद बन कर
कल अदालत में जब सुनवाई की मेरी बारी थी

वे कोशां थे हमारा ज़वाल था उनका मक़सद
हम बेबहरां थे और उनकी साज़िश जारी थी

हां  क्या दोस्त, क्या अज़ीज़, क्या हम साया
सीने में हसद, सिर्फ अदाओं में इन्केसारी थी

साज़िश अपने ख़िलाफ कभी सोचा भी न था
दोस्तों के किरदार में गज़ब की अदाकारी थी।

हासिद भी पैदा होते हैं, ख़ुदा की नवाज़िश के साथ
न समझ सके तुम ‘आदिल’ तो ग़लती तुम्हारी थी

*   *   *

## गज़ल

कितना हसीन ख़्याल उसके मन में आया होगा
जब उसने इन दमकते रूख़सार को बनाया होगा

लब है तुम्हारे या कि दहकते हुये अंगारे
कौन जलने से ख़ुद को बचा पाया होगा

ख़ामोश है पर कितनी गहरी ये आंखें
कितनों ने डूब कर जान गंवाया होगा

जिस्म है या बोतल से ढलकती हुई शराब
सिर्फ देखकर ही कितना नशा आया होगा

नशे ने निकलकर एक शक्ल की अख़्त्यार
पाने वाले ने तो बोतल ख़ाली पाया होगा

कैसे किया होगा अपनी तक़दीर पर यक़ीन
जब उसने सरापा तुम्हे सामने पाया होगा ।

* * *

## ग़ज़ल

उन पर ही तोहमत पर तोहमत
आख़िर यह सिलसिला क्यों है

वह कोई ख़ुदा तो नहीं
उनसे इतना गिला क्यों है

आओ न सोचते हैं मिलकर
हमे ये नतीजा मिला क्यों है

शक तो हमे किसी पर भी न था
तो हमारे ख़िलाफ़ फ़ैसला क्यों है

कहीं कोई कमी हमारी तो नहीं
उनका इतना बुलन्द हौसला क्यों है ।

* * *

# गज़ल

हलफ लेकर अदालत में गर झूठ बोलोगे
इन्साफ नहीं मुन्सिफ से सिर्फ फैसला लोगे

रहता है एक ताल्लुक़ दिल व जबान में
साफ है दिल तो टपकेगी शीरीं जब बोलोगे

निकाल कर तो देखो मुझे अपने जेहन से
ख़्वाब में आ जाऊँगा, तुम जब भी सो लोगे

रो दोगे याद करके घर के आंगन को
बचपन के खिलौने से गर अब खेलोगे

कितना भारी है गमों का मारा ये दिल
हल्का हो जायेगा जो एक बार रो लोगे ।

* * *

# गज़ल

रूहे इन्सानी एक दूजे में हुई नुमायाँ
जज़्बा–ए–इश्क़ जब बजूद में आया

तब जाकर मुकम्मल हुई तख़लीक़
ख़्याले इश्क़ जब माबूद में आया

मन आज़ाद भटकना उसकी फ़ितरत
इश्क़ आया तो वह हदूद में आया

सबसे पाकीजा एक मासूम जज़्बा है इश्क़
तभी तो वह सलात में आया दरूद में आया

कोई गुनाह नहीं एक इबादत है इश्क़
ख़्याल उसका रूकु–व–सोजूद में आया

*    *    *

## गज़ल

ज़मीन  कहाँ रही अब मुहब्बत के लायक़
चलो कि मिलते हैं अब कहीं आसमानों में

उजरते नेकी है बस सोकूने क़ल्ब
न  नापो  इसे किसी पैमाने में

कहाँ बख़्शती है दुनिया नेक बन्दों को
ज़िन्दा रहते है वह सिर्फ़ अफ़सानों में

चाह  जायें तो मोड़ दें रूख़े दरिया भी
पैदा होते हैं ऐसे शख़्स कभी ज़मानों में

देखिये  किस पर ठहरती है आज नज़र उनकी

शामिल तो हैं हम भी आज उनके मेहमानों में

* * *

## ग़ज़ल

मीठे होते हैं बहोत पुरदर्द नग़्मे
मैं सुनता रहा वह सुनाता रहा

बयां तो किया उसने अपने फ़साने
मैं क्यों रोता रहा जब वह सुनाता रहा

एक ज़िद थी मनाने की, एक न मानने की
सिलसिला था, मैं आता रहा वह जाता रहा

मैं उसका दीवाना था वह मेरा शैदाई
मैं मुस्कुराता रहा वह गुनगुनाता रहा

सिर्फ किया ख़ुदा की बन्दगी मैनें
मैं उठता रहा और वह उठाता रहा

* * *

## **गज़ल**

साथ खा लेने के बाद ख़ून ख़राबा क्यों ।
पेट भर जाने के बाद उन्हें ज़ात याद आई ।।

बताया था बुज़ुर्गों ने वक़्त की अहमियत ।
वक़्त गुज़र जाने के बाद ये बात याद आई ।।

आतिश फ़िज़ां, दरख़्शाँ, कहकिशाँ, यह जहां ।
देख कर करिश्मे, ख़ुदा तेरी ज़ात याद आई ।।

नींद थी, ख़्वाब था, सोरूर था या नशा ।
बाद जाने के तुम्हारे वह रात याद आई ।।

बवक्त रूख़्सत आखों की अदा और एक ख़त ।
तड़प में तुम्हारी आज वह सौग़ात याद आई ।।

*    *    *

## ग़ज़ल

मोहतरम हो गया है वह उसे नवाज़िये
बेरहम जब था वह तब था

रूतबा बलन्द है जामा भी शायानेशान
चाक पैरहन जब था तब था

आपकी सीढ़ी से पहुंचा वह लबे बाम
ख़ादिम आपका जब था तब था

नया शहर हो गया है अपना पता पूछिये
नगर आपका जब था तब था

क्यों उम्मीद करते हो वफ़ादारी की
वक़्ते वफ़ा जब था तब था

*  *  *

## ग़ज़ल

दर्द मेरा तो उसकी ख़ुशी के सबब था
अपने  दर्द से भला मुझे दर्द कब था

उसकी इन्सानियत पर भला क्यों शक हो
जनाब  रईसी  में भी वह बा अदब था

माना कि तुमको थी वह बहुत मोहतरम पर

एक इन्सान से क्या रूतबा उसका अहम था

देखकर  दरिन्दगी इन्सानों की ख़ामोश रहे
इन्सान थे तुम यह सिर्फ तुम्हारा वहम था

क्यों नाम लेते हो उन बेजबान किताबों का
लिखा तो उन सब में सिर्फ मानव धरम था

*   *   *

## ग़ज़ल

हर मुसीबत ख़ुदा का एक इम्तेहान माना
हर परेशानी में हम कितने साबिर निकले

किसने  दिया मौत को मेरे जिस्म का पता
मेरे ही आज़ां मेरे जिस्म के मुख़बिर निकले

फ़तवा  क्या है माशाअल्लाह तक़्वा नौज़ुबिल्लाह
अहले इल्म तो ये क़ौम के हीरे जवाहिर निकले

कभी रहबर, कभी रहगुज़र तो कभी रहनुमा बनकर
अहले  करम जब भी निकले अपनी ख़ातिर निकले

मयस्सर  कहां आदमी को मुश्तरी का मक़ाम
देखो 'आदिल' उस मन्ज़िल के मुसाफ़िर निकले

*  *  *

## ग़ज़ल

दुआऐं दी हैं उसने मुझे उम्रे दराज़ की
साज़िश  मेरे क़त्ल की करने के बाद

इल्ज़ाम  लगा है देखो मुझ पर बेरुख़ी का

क़ातिल को बरी करने की सिफ़ारिश के बाद

क़त्आ ताल्लुक़ कर लिया है उसने मुझसे
खबर  मेरी मुफलिसी के फेलने के बाद

ज़ियारते वालिदैन मयस्सर रहे मुझे सदा
क्या मांगू खुदा से इस गुज़ारिश के बाद

याद करे दुनिया मुझे बस 'आदिल' की तरह
कोई ख़्वाहिश नहीं मेरी इस ख़्वाहिश के बाद

* * *

## गज़ल (मज़ाह)

बूढ़े हो गये हैं, छलांग मत लगाइये
नौजवान जब थे तब थे

चौथा दिन है, दाल रोटी खाईये
मेहमान जब थे तब थे

बेटे हुये स्याने, कमाई पर इतराईये
परेशान जब थे तब थे

आशना है मजमां, शेर सुनाईये
गुमनाम जब थे तब थे

अब तो समधन है, उनसे मिल आईये
अनजान जब थे तब थे

खूब खरीदा है, जो चाहिये छपवाईये
अख़बार बाईमान जब थे तब थे

* * *

## ग़ज़ल

गज़ब की खूबी पिन्हा है इन लबो में कि बस
मुस्कुराने से ज़ालिम को मेहरबान समझ लेते हैं

गुब्बारा आयेगा ज़मीन पर हवा निकल जाने के बाद
ज़रा सी ऊँचाई को लोग आसमान समझ लेते हैं

वह रहगुज़र थी महज़ रास्ता पूछा था आखों से
उस नज़र को आप दिल वो जान समझ लेते हैं

शिरकत हर बहस में कोई ज़रूरी तो नहीं 'आदिल'
मेरी खामोशी से लोग मुझे नादान समझ लेते हैं

* * *

## गज़ल

फ़ितनों पर मबनी हो जो मिल्लत
वह क़ौम कभी सलामत नहीं रहती

जिस क़ौम का हो चुका हो जेहन कुन्द
उसको  दुनिया की हिमायत नहीं रहती

इज्ज़त, अज़मत, शोहरत मुमकिन है
सिर्फ वहां जहां जेहालत नहीं रहती

अहमियत  नहीं फ़क़त एक भीड़ सी है
क़ौम ज़िसकी क़ाबिल क़यादत नहीं होती

हर इन्सान पर है क़ौम का तकाज़ा
फ़क़त तम्बीह से फराग़त नहीं होती

ग़ारत  हो जाओगे गर न समझे मुसलमानों
सिर्फ इबादत से ही क़ौम सलामत नहीं रहती

दीन  पर चलो परिसतिश छोड़ो 'आदिल'
दीन से हटकर इबादत इबादत नहीं रहती

* * *

## गज़ल

वह तुम्हे चुपचाप चाहता है
लिख कर ख़त किताबों में छिपाता है

शैदाई है, पागल है दीवाना तुम्हारा

तन्हाई में वह गीत गाता है

आवाज से कहीं हो ना जाये रूसवाई
वह चुपचाप तुम्हारी तस्वीर बनाता है

हरदम रहता है तुम्हारे ख़्यालों में
तन्हाई में वह अक्सर मुस्कुराता है

कब की रो रो कर फुला ली आंखें
पर यह वह किसी को नहीं बताता है

ग़ौर से सुनता है वह हर मिस्रे
हर गज़ल में तुम्हारा अक्स पाता है

कहीं और न चली जाये खुश्बू तुम्हारी
हवाओं से तो वह बहुत घबराता है

तसव्वुर को तुम्हारी सीने में दबाकर
वह खुद पर फूले नहीं समाता है ।

* * *

## गज़ल

तेजारत सुन्नत है बन जायगी इबादत
बस ज़रा नफ़ा कम लीजिये

तेलावत मोहब्बत है बढ़ जायगी फ़ज़ीलत
अगर हिकायतों पर अमल कीजिये

हज तो लाज़िम है, बस नुमाइश नाज़ेबा
बिना दावतों के रूख़े काबा कीजिये

सारी गुनाहें अपनी आजायेंगी नज़र
ज़िन्दगी को बस ज़रा ज़ूम कीजिये

शेख साहब नाराज़ हो गये मयकदे में कल
'आदिल' ने जब कहा कुछ आप भी लीजिये

* * *

## ग़ज़ल

बार बार आज अमन होना कहते हैं
शहर में कहीं बेअमनी है क्या

उसने क्यों आज एकजेहती को सराहा है
नगर में एकजहती की कमी है क्या

ख़ुशी बेमिसाल है कहते फिर रहे लोग
कहीं किसी आंख में नमी है क्या

इतनी ज़िक्र है रिश्तों के गरमाहट का
रिश्तों में कहीं बर्फ जमीं है क्या

वह बार बार कह रहा है, भूखा नहीं है
कई दिनों से कुछ खाया नहीं है क्या

लबों पर तबस्सुम, अन्दर से ग़मज़दा तो नहीं
देखो यारों मेरा अन्दाज़ा सही है क्या

दर्द को छिपाने की कोशिश में सच्चाई छिपाना
'आदिल' हमेशा यह नफ़सियात रही है क्या

* * *

## <u>गज़ल</u>

ज़हर फैलाते हैं शहद के दीवानों में
सोचो ये ख़ता कोई ख़ता ही नहीं

जहरीली हो जाये उनके चलाने से
यह हवा वह हवा ही नहीं

मुहब्बत थी, है, और रहेगी सदा सदा
दिल यहां कभी किसी का बटा ही नहीं

है नाराज वह मुझसे, पर अपना नहीं
यह मुझे कभी लगा ही नहीं

वावैला मचा शहर में मुझे लेकर
मुझे किसी ने सुना ही नहीं

न बेबस हो कोई ख़ुदा के आगे
ऐसा कोई ना ख़ुदा मिली ही नहीं

उचक कर चूमती है चेहरा पकड़कर
बच्चा मां का बड़ा हुआ ही नहीं

* * *

## ग़ज़ल

हर दर्द का मसीहा भी ख़ुद दर्द होता है
कम हो जाता है गर किसी को बता दीजिये

सीने में धधकती आग को बुझाने के लिये

जज़्बात को अपने कागज़ पर लिखा कीजिये

चेहरा देखकर कैसे समझ लेगें मुझको
मैं एक कि़ताब हूं मुझे पढ़ा कीजिये

हर इन्सान मुकम्मल है अपनी खासियत में
आप जैसे हैं वैसे ही रहा कीजिये

खुदा मदद करता है उसकी जो करे अपनी
आप पहले जतन कीजिये फिर दुआ कीजिये

यह लाजि़म तो नहीं जो दिखे वही सच हो
हर फैसले से पहले सबकी सुना कीजिये

क़ायम रहे सबका भरोसा अदालत में
आप मुन्सिफ हैं ऐसा फैसला कीजिये

कलम ने आपकी रूलाया है एक मजलूम
खुदा को मुंह दिखाना है तो तौबा कीजिये

क्यों किया 'आदिल' ने सरे महफि़ल ये बात
आप खुद समझदार हैं खुद समझा लीजिये

* * *

## गज़ल

मुझे सम्भाल ले बहुत दूर से आया हूं साक़ी
दर बदर भटका हूं किसी ने नहीं बचाया साक़ी

इज़्ज़त, मेहनत, जफ़ा, वफ़ा सब किया मैनें
मुझ में किसी ने कुछ नहीं पाया साक़ी

सबके ग़मों को धोया मैनें अपने आंसू से
ज़माने की रीति मैं समझ नहीं पाया साक़ी

जो कबके मर जाते ज़माने के सितम से
उनकी ख़ातिर ख़ुद अपना लहु बहाया साक़ी

क्या बताऊँ दैर व हरम के अफ़साने तुमको
जान कर वह सब कुछ सबसे छिपाया साक़ी

हर आदमी को आदमी समझता रहा मैं हमेशा
किसी आदमी में कोई इन्सान नहीं पाया साक़ी

मैं सबके लिये रहा फ़क़त चीज़ काम का
बाद काम मुझे नज़रों से हटाया साक़ी

हर सिसकियों पर दौड़ा मैं सब छोड़कर अपना
पर मेरी सिसकियों पर कोई नहीं आया साक़ी

मैं इन्सान था कैसे छोड़ देता कराहता उसको
लेकिन अदालत ने मुझे कातिल ठहराया साक़ी

सुनकर मेरे नाले मदहोशों ने तेरा पता बताया
मुझे सम्भाल ले मैं बहुत दूर से आया साक़ी

* * *

## गज़ल

क्यों  रूस्वा होते हैं लोग
मयकदे में आने पर साक़ी

होश  वालों ने क्या क्या न किया
बिना बेहोशी कैसे भूल जायें साक़ी

पड़े हैं जो यहां मदहोश होकर
हाल उनका उनसे न पूछ साक़ी

मैं  भटकता  रहा  दरबदर
मुझे दर दर ने ठुकराया साक़ी

आज सब छोड़कर आया हूं
आज मुझे खूब पिला साक़ी

हो जाने दे मुझे अब रूस्वा साक़ी
इज़्ज़त की कोई ख़्वाहिश नहीं बाक़ी

* * *

## गज़ल

सबको ठहराया मैनें शातिर ठीक है पर क्यों न

कभी अपनी कमियों पर भी ध्यान दिया जाये

वे क्यों हो गये बाग़ी आज बांध सर पर कफ़न
जानने के लिये दिल में उनके क़्याम किया जाये

बन बैठे हैं हम जिन सब के इमाम
एक बार उनका भी रूजहान लिया जाये

हो जायेगा सच झूठ, बस सौ बार बोलिये
आसमाँ को ज़मीं, ज़मीं को आसमां बनाया जाये

मिट जायेगा सारा जुल्म एक लम्हे में
बस ज़ालिम को अब मेहरबान बताया जाये

खुतबा पढ़ना है वक़्त के नाख़ुदा का
'आदिल' ज़मीर को बेज़ुबान बनाया जाये

* * *

## गज़ल

## (साहित्य समाज का दर्पण है, एक झलक)

वीडियो काल ड्राप हो जाते हैं मैं तकता रहता हूं
मेरे गांव का नेट कुछ उख़ड़ा उख़ड़ा रहता है

उम्मीद रहती है तुम्हारी झलक पा लेने की
हाथ में मेरे जब से गैजेट का ये टुकड़ा रहता है

छोड़कर मुझे तन्हा सब हो गये आनलाईन
मेरे मन में तो बस यही दुखड़ा रहता है

मुझे कहां तसल्ली चैटिंग, मैसेज व ई-मेल से
मेरे मन में तो तुम सबका मुखड़ा रहता है

सजा दिया तुमने घर टी0वी0, लैपटाप, टेबलेट से
पर बिन तुम्हारे घर उजड़ा उजड़ा रहता है

याद कर तुम्हे कब रह जाती हैं आंखें गीली
हाथ में मेरे जबसे रूमाल का टुकड़ा रहता है

* * *

## गज़ल

ज़ुल्फ़ें बेहेजाब, ओंठ गुलाब, आंखें शराब
बरसों तरसा हूं मैं उस माहजबीं के लिये

क्यों हुये मुझे छोड़कर आप उसके असीर
रो रहा हूं आज अपनी उस कमी के लिये

रखें तो हैं आपने कहीं न कहीं अपने क़दम
दौड़ रहे हैं 'आदिल' उस पाकीज़ा जमीं के लिये

क़तरे रोक रखा था तुमने रूस्वाई के डर से
तड़प रहा हूं मैं आंखों की उस नमीं के लिये

पूछते हो तुम्ही मेरी मन्ज़िल का पता मुझसे
भटक रहा हूं मैं आज तलक तुम्हीं के लिये

* * *

## गज़ल

क्यों देखा ख़्वाब मैनें आप से दोस्ती का
इस ख़्वाब की ताबीर पूछिये

राज़ी हो जाये मुझसे बस मेरा परवरदिगार
तब आप मेरी जागीर सोचिये

ज़िन्दा हूं मैं आपकी नफ़रतों के बाद भी
भला कैसा है मेरा ज़मीर देखिये

आ गया पहलू में लोटकर आसमानों से
कितनी मज़बूत है आपकी ज़न्जीर देखिये

जिन्दगी थी आपकी मरे भी आप के नाम
कितनी हसीन है मेरी तक़दीर देखिये

नज़रे उनकी हो रहीं अब आपकी मुनतज़िर
'आदिल' अब आप सब तावीज़ फेकिये

*   *   *

**गज़ल**

कैसी भी हो चोट दर्द धीरे धीरे कम होता है
वक़्त हर जख़्म का मरहम होता है

अजब हो गई मेरी ज़िन्दगी कि मेरा हर दर्द
तेरे नाम से शुरू तेरे नाम पर ख़तम होता है

एक रिश्ता है बाक़ी मेरे और उसके बीच
ख़ुश होता है वह जब मुझ पर सितम होता है

हर हाल में तुम मेरे, फिदा हूं मैं तुम पर
हर सितम तुम्हारा मुझ पर एक करम होता है

सचगोई अब कोई गुनाह है क्या 'आदिल'
ज़माना क्यों मुझसे हर वक़्त बरहम होता है

* * *

## गज़ल

मैं कुछ कहना चाहता हूं
इसलिये मैं लिखना चाहता हूं

ताकि मैं खड़ा रह सकूं शान से
इसलिये मैं झुकना चाहता हूं

पूछ रहे हो क्यों बेतुका सवाल
मैं आप से पूछना चाहता हूं

जो न पा सका आप से कोई
वह उल्फ़त मैं लूटना चाहता हूं

नहीं ज़मीं का पूजने लायक़ कोई
यह ख़्याल मैं पूजना चाहता हूं

तुम्हारा अन्दाज़े मुहब्बत है दिलकश
इसलिये मैं रूठना चाहता हूं

'आदिल' आपने क्यों कर दिया इन्साफ
मैं आप से यह सुनना चाहता हूं

* * *

## गज़ल

कराह महसूस कीजिये आवाज़ नहीं आयेगी
फटा हुआ दिल ख़ामोश व बेजुबान रहता है

दोस्त, अज़ीज़ अक़ारिब आयेंगे हाल–ए–दिल जानने
मदद करने वाला तो अक्सर अन्जान रहता है

हर आदमी को हर आदमी में एक इन्सान दिखता है
जब तक उसकी ज़ात व मज़हब से अन्जान रहता है

ख़ूब होता है फ़साद ख़ूब होता है ख़ून ख़राबा
इस शहर में तो हर मज़हब का इन्सान रहता है

ढूढ़ता रहा लेकर चेराग़ 'आदिल' अशरफुलमख़लूक़ात
कहां चले गये सब? ख़ुद परवरदिगार हैरान रहता है

* * *

# गज़ल

न तशरीफ़ आवरी न ही मेरी ख़ैरियत की अब कोई फ़िकर ।
आपकी आख़िर इतनी क्या मस्रूफियत हो गयी ।।

उन्हींका ख़ुतबा उन्हीकी फ़िकर, उन्हींका क़िस्सा व ज़िकर ।
मेरे रक़ीबों में अब इतनी क्या ख़ासियत हो गयी ।।

दुआ किया है उन्होनें रूह मेरी जल्दी क़ब्ज़ हो जाने की ।
देखो ना मेरे दर्द में कितनी आफ़ियत हो गयी ।।

गर्द हटाया है बड़े सलीक़े से मेरी तस्वीर से उन्होनें आज ।
एक बार फिर मुझमे जीने की सलाहियत हो गयी ।।

जो टपका गये थे दो आंसू आकर कल वह मेरी मज़ार पर ।
देखो 'आदिल' कितनी जल्दी मेरी मग़फ़रत हो गयी ।।

* * *

# गज़ल

गो मस्रूफ़ है बहुत पर वह मुझे बहुत चाहते हैं
आयेंगे रस्म निभाने वह, मेरे मर जाने के बाद

मेरे ख़त, मेरे लम्स, मेरी गज़लों के अशआर
आयेगी याद मेरी, मेरे गुज़र जाने के बाद

ताकि पोशिदा रहे दुनिया से राज़े रंज़िश अपनी
चले जाईयेगा, कुछ देर ठहर जाने के बाद

आप पर ही तो कर दी है निसार ज़िन्दगी मैनें
फिर उठुंगा, तबियत थोड़ी सम्भल जाने के बाद

कहां मिलेगी भला उसे मुझ जैसी बेलौस मुहब्बत
फिर वह आया है, मेरे बिखर जाने के बाद

* * *

## गज़ल

दुआयें ढाल बनकर देती हैं ग़ज़ब का हौसला
सख़्त दुनिया में मेरी मां मेरी कूवत बन गयी

मै चलने लगा, मैं दौड़ने लगा, मैं उड़ने लगा,
मां, ये सलाहियत मेरी, तेरी बदौलत हो गयी

मायूसियों में गर आ गया तेरा चेहरा ख़्याल में
मां, फिर हर शय कितनी खूबसूरत हो गयी

बोल नहीं रही है, शायद कुछ रूठी रूठी है मां
मेरी चंचल दुनिया एक पत्थर की मूरत हो गयी

अक्सर मुस्कुरा देता हूं अब, मैं आईना देखकर
अब्बू, धीरे धीरे आप जैसी मेरी सूरत हो गयी

* * *

# ग़ज़ल

दरिन्दों की दरिन्दगी, हैवानियत की इन्तेहा देखकर
कभी कभी खून करने का दिल चाहता है

फौरन हो जाये वाक़िफ़ ख़ुदा हालाते दुनिया से
ऐसा एक मज़मून लिखने का दिल चाहता है

छोड़कर ख़ामोशी मज़म्मत पर तो रहो आमादा
अहले दानिश में जनून देखने का दिल चाहता है

चढ़कर सीने पर हैवानों के, मुस्कुराने लगे आदमी
जहां में ऐसा सकून देखने का दिल चाहता है

बरबाद करके जवानी क़ैद में, बेगुनाह बरी किया है
जाने क्यों कभी कभी कानून पढ़ने का दिल चाहता है

* * *

## गजल

गजरा लगाकर, मुस्कुरा कर, पायलिया बजाकर
हर शरारत की शुरूआत तुम्हीं करती हो

पहले ख़ुद को दिखाकर, फिर छिपाकर, फिर रिझाकर
मेरे जिस्म में हरारत की बुनियाद तुम्ही भरती हो

महफिल में बेबाक आना, और सबके साथ चली जाना
पहले एक़रार, और फिर एहतियात तुम्ही करती हो

भले ही बड़ी ख़ामोशी से बैठी हो, अपनी तस्वीर में
मेरी आंख़ों से सावन की बरसात तुम्ही करती हो

नक्शा बनाकर अपनी हस्ती का मेरे दिल पर
ख़ुद को भूल जाने की बात तुम्ही करती हो

होगी सबके लिये सूरज के निकलने और डूबने से
मेरे लिये तो लेकिन, दिन और रात तुम्ही करती हो

लिखती हो ख़त में, मुझे भूलकर वहां दिल लगाईये
पर मेरे ख़्वाबों में मुझसे मुलाकात तुम्ही करती हो

*   *   *

# ग़ज़ल

उसका बदन थरथराता है खामोश रहती है पर मिलती है ।
कहानी तुम्हे चुपके से सुनाउंगा मुझे किसी पर ऐतेबार नहीं ।।

रहती है इन्तेजार में हर वक़्त, मिलती है बेताब होकर ।
एक़रार करती है फिर मिलने का, पर सरेबाज़ार नहीं ।।

देखकर ज़माने की संगदिली, ग़ौर से देख रही थी दरिया को ।
जाने क्यों कह गयी, एक बार मरना अच्छा है बार बार नहीं ।।

हाले दिल मेरा बेहाल है बिन उसके मर जाऊंगा सिसक सिसक ।
कोई शोर नहीं, कोई शराब नहीं, कोई चीख नहीं, पुकार नहीं ।।

गो दोनों ही कमसिन है, कमज़ोर है, जाने कब कर बैठे इश्क़ ।
पर फिर भी हो जायेगे एक दूज़े के, इतने भी हम लाचार नहीं ।।

बैठकर बुरराक़ पर खो जायेंगे हम दोनों आसमानों में कहीं ।
कोई ग़म नहीं अगर दुनिया नहीं, शहर नहीं, घर बार नहीं ।।

* * *

# (शिकवा)

दुआयें क़बूल नहीं होती या रब
ख़ुदारा तेरी ज़ात पे शक होता है

कैसे कैसे सहे सानहे हमने
सब्र नहीं आज तलक होता है

बाद नूह मूसा व ईसा के या रब
कोई मौजज़ा क्यों नहीं अब होता है

कुछ तो बता हम भी जाने ख़ुदारा
सफर-ए-जिबरईल शुरू कब होता है

ना ज़ाहिद ना, फ़तवा न दे कोई
शिकवा बन्दे का हक़ होता है

तौबा, तौबा या ख़ुदा तौबा मेरी
बन्दा सिजदागूं ता क़यामत होता है ।

* * *

# क़

# ट

# आ

# क़त्आ

(1)

तसल्लियां अच्छी लगती हैं सारा दर्द झुठ्ला देती हो ।
बात बच्चों की करके सारा ग़म भुला देती हो ।।
ग़जब की शय बनकर आई हो ज़िन्दगी में कि ।
घटाटोप अन्धेर में भी रोशनी दिखला देती हो ।।

* * *

(2)

आज जब बिजली चमकी, जब बरसात आई ।
तन्हाई में आज तुम्हारी बहुत याद आई ।।
तुम्हारे सारे ख़तों कि जिल्द बना दी है मैनें ।
तुम्हारी याद में काम आज वह किताब आई ।।

* * *

(3)

वह अजीब शख्स है सबको हंसा देता है ।
दुश्मनों को भी आपस में मिला देता है ।।
हाथ में पकड़ी हुई एक बुझ चुकी मशाल ।
दिखाकर सबको जाने क्या समझा देता है ।।

* * *

# क़त्आ

(1)

दर्द मेरा अब बढ़ता जा रहा है ।
हौसला मेरा अब घटता जा रहा है ।।
सभी हमदर्दों को बुला लो अब ।
वजूद मेरा सिमटता जा रहा है ।।

* * *

(2)

ज़िन्दगी कुछ इशारा कर रही है ।
ज़मीन अब पुकारा कर रही है ।।
रात इतनी ख़ामोश क्यों है आज ।
चुपके चुपके मौत सहारा बन रही है ।।

* * *

(3)

वक़्त किसका एक सा रहता है हर वक़्त ।
बदलता रहता है वक़्त, वक़्त वक़्त से ।।
उभरा है कभी शोहरत तो कभी इबरत बनकर ।
हर वक़्त सबक़ ले ख़ुद हर वक़्त से ।।

* * *

# न

# ढ़

# म

# नज़्म

सच कह दूँ बुजुर्गों अगर आप बुरा न मानें
आप के ख्यालात हो चुके काफी पुराने

कम उम्र है, नादां हैं, नहीं आप जैसे बातजुरबा
पर आपके बच्चे हैं आप से बहुत स्याने

कभी अपने गांव की सरहद न छोड़ी आपने
पर ये बच्चे उड़ गये दूर देश बेगाने

हसरते लिये थक गये आप, आ गई पीरी
देखिये अब इनकी बदौलत सपने सुहाने

नई नस्लें होती है तेज़ दिमाग पुरानी से
सच्चाई है ये 'आदिल' आप मानें न मानें

न लगाओ इन पर पाबन्दी न बन्दिश अब कोई
समझदार हैं ये नई फिज़ा के नये परवाने

लेते ही जन्म दिखा देते है ज़हानत अपनी
वक्त से आगे है नये दौर के ये नये दीवाने

* * *

## नज़्म

खामोश लब अच्छे नहीं लगते
कभी कभी बेवजह ही मुस्कुराया करो

देरपा कब होता है हुस्न व शबाब
वक़्त यूं ही न ज़ाया करो

आग़ोशे नींद में तन्हा रहता हूं मैं
कभी मेरे ख़्वाब में आया करो

हवाओं से कर ली है साज़िश मैनें
गजरा लगाया हो तो छत पर आया करो

ग़ज़ब के हैं शीरीं लब तेरे
कभी कभी कुछ गुनगुनाया करो

* * *

## नज़्म

जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है
झूठ बोलता है पर वह सच्चा लगता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

करता नहीं कभी जो वह कहता है
पर वायदे का वह पक्का लगता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

मशविरा होता है उसका बुजुर्गों जैसा
पर बातों से वह बिल्कुल बच्चा लगता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

मुस्कुराना उसकी आदत, हंसना फितरत
मारा वह किसी सितम का लगता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

गुज़र हुआ है बारहां उसका मयक़दे से
पर प्यासा वह ज़मज़म का लगता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

आखें नशीली, भीनी ख़ुश्बू, लब पर सिगरेट
छल्लों में निकलता मुंह से धुआं रहता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

कैसे जाऊँ, मैं शरमाऊँ, कुछ कह न पाऊँ
इस ज़मीन पर वह आसमां सा लगता है
जाने क्यों वह बहुत अच्छा लगता है

* * *

# नज़्म

मसला बच्चों की तरबियत का ।
बस एक कुम्हार बनना पड़ता है ।।

तनाज़े घर के दिन ब दिन ? ।
सिर्फ एक लुहार बनना पड़ता है ।।

आदाब है दस्तरखान के भी कुछ ।
सब का इन्तेज़ार करना पड़ता है ।।

बच्चों की चहक घर की रौनक़ ।
खामोशी अख़्त्यार करना पड़ता है ।।

बढ़े बच्चों की खुदएतेमादी जल्द ।
हौसला आफ़जाई बार बार करना पड़ता है ।।

जज़्बे का दिल में रखना नाकाफी है ।
मुहब्बत का इज़हार करना पड़ता है ।।

घर में खुशहाली के लिये है लाजिम ।
सब को सब पर ऐतेबार करना पड़ता है ।।

उम्र का तक़ाज़ा है दस्तबरदारी ।
सौपनां बच्चों को कारोबार पड़ता है ।।

* * *

# नज़्म

कुरबानी के मेरे चौपाये को पंडित जी ने खोल दिया
अब ज़न्नत किसको मिलेगी ख़ुदा जाने

मुल्ला जी ने सलाम किया पंडित जी ने दिया आशीर्वाद
ख़ुदा की रहमत किस को मिलेगी ख़ुदा जाने

सजाया है ख़ुद को मैनें रक़ीबों से बेहतर
उनकी उल्फत किसको मिलेगी ख़ुदा जाने

ख़ूब चर्चा है कुरबत पंडित जी की मुल्ला जी से
मुहब्बत की ज़हमत किसको मिलेगी ख़ुदा जाने

मन्दिर, मस्जिद, गिरजा, गुरुद्वारे के दीवानों
ख़ुदा की ज्यारत किसको मिलेगी ख़ुदा जाने

* * *

# नज़्म

कोई बात ही पसन्द नहीं मेरी तुमको ।
कैसे मैं अपनी मुहब्बत जता सकूं ।।
या तो मेरी बात को पसन्द कर ।
या फिर वह बता जिसे मैं बता सकूं ।।

दिल तो मेरा लगा है तुम्हीं में ।
पर तुम हो कि तुम्हे यक़ीं नहीं ।।
या तो खुद देख लो निकाल कर ।
या तरीक़ा बता जिससे मैं दिखा सकूं ।।

पता पूछते हो मेरा, दिल में चुराकर ।
यह कैसी रहज़नी है या मेरे ख़ुदा ।।
न मानो न सही मैं तो हूं बस वहीं ।
तुम्हीं बताओ मैं कैसे अपना पता दूं ।।

पूछते हैं लोग मेरा दिल कहां है ।
यह जानकर भी कि तुम्ही ने लिया है ।।
इल्ज़ाम तो आना है चोरी का तुम पर ।
जो तुम कहो अब वही मैं बता दूं ।।

अजीब थानेदार है जानता है वह सब कुछ ।
रपट लिखता नहीं बिना मेरी तहरीर के ।।
मुन्सिफ भी मर मिटेगा कल देखकर तुम्हे ।
अब तुम जो कहो तहरीर में वहीं लिख दूं ।।

चाहा है मैनें तुम्हे, चाहत की इल्तेजा है ।
देखो तो सही मैं कोई इतना बुरा नहीं ।।
छोटी सी बात है सुलह से सम्भाल लो ।
सोचता हूं मैं इस बात को क्या हवा दूं ।।

* * *

# पीड़ा (नज़्म)

हम जज न होते तो क्या होते ?
सोचता हूँ, कभी कभी ।

शायद माली होते
एक बड़ी सी क्यारी बनाता
रंग बिरंगे फूलों के पौधे लगाता
रंग बिरेगे फूल खिलाता
बीच में लिखता
हिन्दुस्तान

सुबह शाम फूलों को चुनता
गजरे बनाता
बाज़ार के चौराहे पर
टोक़री में रखकर खड़ा हो जाता
बांटता हर आने जाने वाले को मुफ्त़
जिसे वह अपनी प्रियसी के गजरे में लगाता
तनाव के जीवन से पल भर के लिये
वह मुक्ति पाता
उसकी प्रियसी मुस्कराती
फिर से उसकी हो जाती
आखिर गजरे की भी एक भाषा होती है ।
शायद वह समझ जाती
समझ जाती पिया का सन्देश
दिन भर उससे दूर रहकर
कहां था वह उससे दूर
वह तो उसके संग थी
जब बहा रहा था वह पसीना
काम कर कर के
थका हारा शाम को जब लौटा
ले लिये उसके लिये फूल
कोई ज़रूरी तो नहीं
सदैव जबान से ही बोले
दिल की भी है एक भाषा होती ।

शायद एक वैद्य होता या होता एक हकीम
घावों पर मरहम लगाता
कुछ को बूटी देता
कुछ को फंकी, कुछ को कन्दमूल
हर लेता उनके हर शूल
पीड़ा से बिलखते बालक के कपोल पर
आंखों से गिरते मोती को चुन लेता
बालक पीड़ा को जाता भूल ।

शायद होता एक दमकल अधिकारी
बस्तियां कभी न जलने देता
बुझा देता आग को केवल उपयोग कर अपनी वाणी
कैसा भी मानव हो
कैसा भी दानव हो
प्रेम से हो जाते सब पानी
चाहे मन में हो उसने कुछ भी ठानी ।

* * *

## नज़्म
## जिन्दगी–ऐ–आफीसर

हर एक मुद्दत पर ट्रांसफर।
कभी इधर, कभी उधर कभी जाने किधर।।
किश्तों में कट गई जिन्दगी।

बच्चों को मलाल कि वक्त नहीं दिया।
सरकार को शिकायत की छुट्टी बहुत लिया।।
टुकड़ों में बंट गई जिन्दगी।

दोस्त छूटे, छूटे रिश्ते नातेदार।
मैं घर से दफ्तर, दफ्तर से घर।।
कितनी सिमट गई जिन्दगी।

अभी कल का ही तो दिन था।
जब ज्वाईन किया था नौकरी।।
रिटायरमेन्ट की डेट भी कल आ गई।
जाने कैसे इतनी घट गई जिन्दगी।।

पगार बन्द, भत्ता बन्द, इन्क्रीमेन्ट बन्द।
जी.पी.एफ. खतम, पी.पी.एफ. खतम, ग्रेच्युटि खतम।।
जाने कैसे लुट गई जिन्दगी।

रूतबा खतम, ओहदा खतम, जलवा खतम।
सैलूट खतम, सलाम खतम, पहचान खतम।।
सिर्फ पेन्शन में सिमट गई जिन्दगी।

* * *

## मेरा चन्दा

शाहज़ेब
तुम चांद पर से आये हो
मानो न मानो
तुम चांद पर से आये हो ।
कितने अच्छे हो
गोल-गोल से हो
शीतल हो
मोहक हो
लुकते छिपते हो
ठीक वैसे ही जैसे
चांद बादल में
लुकता छिपता है
फिर
मन्द-मन्द चलते हो
जैसे बादल की ओर
चांद चलता है ।
मानों न मानो, शाजेब
तुम चांद पर से आये हो ।
रात में भी तुम मम्मी पापा
के बीच में
गोद में छिप कर
सोते हो
जैसे चांद दिन में
धरती और आकाश के मध्य
छिप कर सो जाता है ।
पापा के बुलाने पर
तुम नहीं आते हो
खेलने भाग जाते हो
दूर से ही पप्पी कर लेते हो
जैसे चांद मेरे बुलाने पर
नीचे नहीं आता है
पर टक टकी लगाकर मुझे देखता है
जैसे पप्पी कर रहा हो
शाजेब

मानो न मानो
तुम चांद पर से आये हो ।
कितने उज्जवल हो
जब रोते हो
आंख का काजल
कपोल पर बहाकर
उन्हें काला कर लेते हो
तब तुम बिल्कुल
चांद जैसे लगते हो
उसका कपोल भी काला-काला है
वह भी रूठ कर रोया है
शाजेब
तुम चांद पर से आये हो
मानो न मानो तुम चांद पर से आये हो ।
मेरे घर आने पर
तुम थोड़ा सा मुखड़ा दिखलाते हो
फिर छिप जाते हो
और तब खिल खिलाकर
पूरे प्रकट हो जाते हो
यही तो करता है
आकाश का वह चन्दा
पहले थोड़ा सा मुखड़ा
दिखलाता है
फिर छिप जाता है ।
और फिर पूर्णिमा को
खिल खिलाकर
पूरा प्रकट हो जाता है ।
शाजेब ।
मानो न मानो
तुम चांद पर से आये हो ।
वैसे ही खिलो,
खिलखिलाओ, वत्स मेरे ।
जैसे चन्दा करता है ।
भर दो पूरे संसार में अपनी
शीतलता, चांदनी
कितने मोहक हो ।
चांद पर से आये हो ।

* * *

## एक भेंट सप्रेम : अखिलेश दूबे को

अपने भाग्य पर मैं ही ललचाऊँ
पड़ोस से आती सुगन्ध
पायल की झुन झुन
हिरणी की कुलांचे
झील जैसे उनके नयन
डूब कर स्वर्ग का आभास
मैं पाऊँ
हिरामन की तस्वीर
सजग हो उठी उनका चेहरा देखकर
वह पीला था
आप संगमरमर सफेद
श्वेत लिलिया
चन्द्रमा से फूटती किरणें
शीतल शीतल सुगन्धित
अपने भाग्य पर इतराऊँ
हिरणी की कुलाचें
मेरे मन वन में
चन्द्रमा की किरणें
मेरे मन आंगन में ।

* * *

## मेरी प्रिया मेरे संग

रात के आकाश में
चांदी बिखेरती हुई
बादलों के बीच से निकलती हुई तुम
दिन में
क्षितिज के ऊपर
काली घटाओं में तुम
मैदानों में पहाड़ों से निकलकर
बलखाती लहराती इठलाती
कल कल करती सरिता में तुम
वर्षा के बाद ऊपर आकार में
सात रंगों वाली
लाल बैगनी पीली सुनहली
हर बरसाती इन्द्रधनुष में तुम
झर झर झरते
कुछ मोती, कुछ चांदी जैसे
पर्वत से गिरते
हर झरने में तुम
मेरे दफ्तर के सामने
पीपल के पत्तों से
खन खन करती
आती हर ध्वनि में तुम
कला कुंज में चहकते खग
हर खग चहकन में तुम
मेरे हर सपने में
मेरी सबसे सुखद कल्पनाओं में तुम
तुम दूर कहां हो प्रिय मुझसे
तुम तो सदैव हो मेरे संग
हे प्राण प्रिय तुम हो भी दूर कैसे
तुम तो हो मेरा ही अभिन्न अंग ।

* * *

## कल्पना का इन्दु

जैसे दूध सी चांदी की एक लम्बी सील
उस पर अर्धभाग से तनिक नीचे
जड़ा एक मोती । या
नीले जल से भरा एक जलाशय
उसके मध्य में
खिला एक कमल । या
उसी नीलकमल की एक पंखुड़ी
उस पर बैठा एक भौरा । या
क्यारी में खिला एक गुलाब
उसकी एक लम्बी पंखुड़ी पर
चिपकी एक मधुमक्खी
या निशा का मेघाच्छादित आकाश
उसमें से झांकता पूर्णिमा का इन्दु । या
श्वेत, हिमाच्छादित, स्वच्छ
एक पर्वत की चोटी
उस पर छूट गया है शंकर का डमरू
या कल्पनालोक का वातावरण
मादक और सुगन्धित
उसी मादकता और सुगन्ध का
श्रोत बिन्दु
नहीं नहीं यह भी नहीं
वास्तव में अवर्णनीय है

अनुपमेय है, अतुल्य है
हे प्रिये तेरी नाभि ।

* * *